# हारे का सहारा | By Surinder Chanchal

टूटी कश्ती श्याम मेरी बड़ा दूर किनारा है
हाथ पकड़ ले सांवरे तू हारे का सहारा है

तेरे होते क्यों हुआ ऐसा ये हाल मेरा
हारे के सहारे को ढूंढें ये लाल तेरा
मैंने तो सुना है ये तूने सबको तारा है
हाथ पकड़ ले सांवरे तू हारे का सहारा है

जिस दिन से मैंने ये तेरा दामन थाम लिया
बस तू ही मेरा है तेरा ही नाम लिया
तुझको ही माना है तुझको ही पुकारा है
हाथ पकड़ ले सांवरे तू हारे का सहारा है

अब आ भी जाओ रे मेरे खाटू वाले श्याम
कहीं हो ना जाए रे नाम तेरा बदनाम
मेरी कुटिया रोशन हो छाया अँधियारा है
हाथ पकड़ ले सांवरे तू हारे का सहारा है

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b9%e0%a4%be%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%95%e0%a4%be-%e0%a4%b8%e0%a4%b9%e0%a4%be%e0%a4%b0%e0%a4%be-by-surinder-chanchal/